माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in

Email ID –registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1458 /प्रवेश /MSU/ 2023–24

दिनांक : 27-10-2023

प्रेस विज्ञप्ति

मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित M.Ed. पाठयक्रम में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश का नियम लागू किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा कराकर परिणाम पूर्व में ही घोषित किया जा चुका है। अतः प्रवेश परीक्षा में सम्मलित होने वाले सभी अभ्यर्थी पंजीकरण के प्रिंटआउट एवं प्रवेश परीक्षा के स्कोर कार्ड के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थानों में दिनांक 30.10.2023 व 31.10.2023 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आवेदन करेंगें इन सभी जमा किये गये आवेदन पत्रों को पूर्व की भॉति महाविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रवेश पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दिनांक 31.10.2023 को अपरान्ह 02:30 बजे तक Add किया जायेगा। दिनांक 31.10.2023 को शाम 05:00 बजे तक महाविद्यालयों/संस्थानों को विश्वविद्यालय पोर्टल पर Add किये गये अभ्यर्थियों की मास्टर लिस्ट उपलब्ध करायी जायेगी। दिनांक 01.11.2023 को दोपहर 12:00 बजे तक महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा सीटों के सापेक्ष वरीयता सूची विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कर छात्रो हेतु जारी की जायेगी। दिनांक 01.11.2023 को सॉयः 05:00 बजे तक विश्वविद्यालय द्वारा आफर लेटर जारी कर दिये जायेगे।

महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा एक मेरिट सूची और उतने ही छात्रों की प्रतीक्षा सूची प्रथम व प्रतीक्षा सूची द्वितीय एक साथ जारी की जायेगी। मेरिट सूची के प्रवेश दिनांक : 02, व 03 नवम्बर 2023 को किये जायेगे। इसके उपरान्त् सीट रिक्त रहने की स्थिति में 04, नवम्बर 2023 को प्रतीक्षा सूची प्रथम से नियमानुसार प्रवेश पूर्ण किये जायेगें। सीटे रिक्त रहने की स्थिति में दिनांक 06 नवम्बर 2023 को प्रतीक्षा सूची द्वितीय से प्रवेश किये जायेगें।

सम्बन्धित महाविद्यालय /संस्थान द्वारा दिनांक 06.11.2023 तक ही विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर सभी प्रवेशों को सम्पुष्ट (Confirm) किया जायेगा। महाविद्यालय /संस्थान समस्त प्रवेश नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में वे स्वयं जिम्मेदार होगें।

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
एवं
प्राचार्य, चौ0 छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
मुजफ्फरनगर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /निदेशक , मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. विश्वविद्यालय वैबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक